राज्यपाल सचिवालय
राज भवन , जयपुर

राज्यपाल श्री मिश्र कोरोना पॉजिटिव

कोई लक्षण नहीं,संपर्क में आए लोगों से टेस्ट करवाने का आग्रह किया

जयपुर, 29 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र का कोरोना टेस्ट पॉजिटिव आया है। उन्होंने बताया कि आज उन्होंने अपना कोविड टेस्ट करवाया। यह पॉजिटिव आया है। उन्होंने कहा कि वे स्वस्थ हैं तथा कोई लक्षण नहीं है । उन्होंने अपने संपर्क में आए लोगों से अनुरोध किया है कि वे खुद को आइसोलेट कर लें और अपना कोविड टेस्ट अवश्य करवाएं।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने इस सम्बंध में ट्वीट करते हुए कहा है, 'आज मैंने अपना कोविड टेस्ट करवाया। कोविड टेस्ट पॉजिटिव आया है। मैं स्वस्थ हूँ तथा मुझे कोई लक्षण नहीं है। मेरे संपर्क में आए सभी जनों से आग्रह करता हूँ कि वे स्वयं को आइसोलेट कर लें एवं अपना कोविड टेस्ट अवश्य करवाएं।'